Regarding need to expedite construction of railway line from Kursela to Bihariganj and Bihariganj to Birpur-Laid

श्री राजेश रंजन **(पूर्णिया) :** मैं अपने संसदीय क्षेत्र पूर्णिया सहित कोशी-सीमांचल क्षेत्र की महत्वपूर्ण नई रेल लाइन परियोजना की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कर कहना चाहता हूँ कि :-

कुर्सेला से बिहारीगंज रेल लाइन परियोजना कुर्सेला, रुपौली, धमदाहा, बिहारीगंज (58 कि०मी०) के बीच निर्माण हेतु प्रस्तावित है । इस नई रेल लाइन को निर्माण के लिए वर्ष 2008 - 2009 में 193 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के साथ स्वीकृत किया गया था, रुपौली में शिलान्यास भी हुआ लेकिन आज की तिथि तक कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है ।

वहीं दूसरी रेल लाइन परियोजना बिहारीगंज वाया मुरलीगंज खुर्दा जदीया छातापुर प्रतापगंज भीमनगर - वीरपुर (92 कि०मी०) नई रेल परियोजना का सर्वे कार्य स्वीकृत है, लेकिन आज की तिथि तक योजना अपना उद्देश्य पूरा नहीं कर पाया है ।

अतः मैं भारत सरकार के माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि बिहार राज्य के पूर्णिया कोशी-सीमांचल क्षेत्र जो नेपाल, भूटान, बंगलादेश का सीमावर्ती क्षेत्र भी है, के विकास के लिए उपरोक्त दोनों नई रेल लाइन परियोजना के निर्माण का कार्य जल्द प्रारम्भ करने की कृपा करेंगें ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष**:** माननीय विदेश मंत्री जी ।

<u>14.06 hrs</u>